# 5 गुर्जर प्रतिहार राजवंश

1. कन्नौज के गुर्जर प्रतिहार वंश की शक्ति किस शासक के समय अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँची ?
(1) नागभट (2) महेन्द्रपाल प्रथम
(3) मिहिरभोज (4) भोजदेव द्वितीय

2. प्रतिहार शासक मिहिर भोज देव को किस अभिलेख में 'प्रभास' की उपाधि से अलंकृत किया गया है ?
(1) दौलतपुर अभिलेख (2) घटियाला अभिलेख
(3) बुचकला ताम्रपत्र (4) वराह अभिलेख

3. प्रसिद्ध कवि व लेखक राजशेखर किस प्रतिहार शासक का गुरु था ?
(1) ध्रुवपाल प्रथम (2) नागभट द्वितीय
(3) मिहिर भोज (4) महेन्द्रपाल प्रथम

4. इतिहासकार आर.सी. मजूमदार के अनुसार गुर्जर-प्रतिहारों ने कितनी शताब्दी तक अरब आक्रमणकारियों के लिए बाधक का काम किया?
(1) दूसरी शताब्दी से चौथी शताब्दी
(2) तीसरी शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी
(3) छठी शताब्दी से 12वीं शताब्दी
(4) बारहवीं शताब्दी से 15वीं शताब्दी

5. प्रतिहार वंश की मण्डोर शाखा के किस शासक ने अपनी राजधानी मण्डोर से मेड़ता स्थानान्तरित की थी ?
(1) कक्कुक (2) रज्जिल
(3) नागभट्ट प्रथम (4) बॉउक

6. आठवीं से दसवीं शताब्दी तक राजस्थान में किस राजपूत वंश का वर्चस्व रहा ?
(1) चावड़ वंश का (2) प्रतिहार वंश का
(3) भाटी वंश का (4) परमार वंश का

7. ओसियां (जोधपुर) में महावीर स्वामी को समर्पित जैन मंदिर का निर्माण किस राजा के काल में हुआ ?
(1) वत्सराज (2) नागभट्ट प्रथम
(3) देवपाल (4) त्रिलोचन पाल

8. पाल वंश, गुर्जर प्रतिहार व राष्ट्रकूट वंश के मध्य हुए त्रिदलीय संघर्ष का प्रारम्भ किस गुर्जर प्रतिहार शासक ने किया?
(1) मिहिरभोज (2) महेन्द्रपाल प्रथम
(3) नागभट्ट द्वितीय (4) वत्सराज

9. प्रतिहारों की भीनमाल शाखा का संस्थापक था?
(1) नागभट्ट प्रथम (2) नागभट्ट द्वितीय
(3) कक्कुक (4) वत्सराज

10. गुर्जर प्रतिहारों की सभी शाखाओं में सबसे प्राचीन शाखा कौनसी है?
(1) भीनमाल शाखा (2) मण्डोर शाखा
(3) कन्नौज शाखा (4) राजौरगढ़ शाखा

11. निम्न में से किस शासक को 'प्रतिहारों का पितृहंता' कहा जाता है?
(1) रामभद्र (2) नागभट्ट प्रथम
(3) मिहिरभोज (4) वत्सराज

12. अरबी यात्री अलमसूदी किस प्रतिहार शासक के काल में भारत आया था?
(1) देवपाल (2) महिपाल प्रथम
(3) यशपाल (4) महेन्द्रपाल द्वितीय

13. गुर्जर प्रतिहार अपने आप को किसका वंशज मानते है?
(1) राम के भाई लक्ष्मण का
(2) कृष्ण के भाई बलराम का
(3) राम के पुत्र लव व कुश का
(4) भगवान विष्णु का

14. गुर्जर प्रतिहार की राजधानी किस स्थान पर थी, जो जालौर में भीनमाल का एक पुराना नाम भी था?
(1) किरातकूप (2) रोहिन्सकूप
(3) राजौरगढ़ (4) श्रीमाल

15. किस अरबी यात्री ने (851 ई.) में मिहिरभोज के सम्बन्ध में वर्णन किया है?
(1) सुलेमान (2) अल बरूनी
(3) अमीर खुसरो (4) अलमसूदी

16. मण्डोर के गुर्जर प्रतिहार किस देवी की पूजा अपनी कुलदेवी के रूप में करते थे?
(1) आवड़ माता (2) चामुण्डा माता
(3) हिंगलाज माता (4) नागणेची माता

17. निम्न में से मण्डोर शाखा के शासकों के क्रम का सही विकल्प है?
(1) रज्जिल, नरभट्ट, नागभट्ट प्रथम, शीलुक
(2) रज्जिल, शीलुक, नागभट्ट प्रथम, नरभट्ट
(3) नागभट्ट प्रथम, शीलुक, नरभट्ट, रज्जिल
(4) नागभट्ट प्रथम, रज्जिल, शीलुक, नरभट्ट

18. निम्न में से गुर्जर प्रतिहारों के पतन होने के कारण कौनसे हैं?
(1) प्रतिहारों के सामंतों में तथा परिवारों के व्यक्तियों में फूट होना।
(2) मोहम्मद गजनवी का आक्रमण।
(3) पाल, राष्ट्रकूट व अरबों से लगातार संघर्ष से उनकी सैनिक क्षमता का ह्रास होना।
(4) उपर्युक्त सभी शामिल है।

19. कवि राजशेखर ने किस प्रतिहार शासक को 'आर्यावर्त का महाराजाधिराज' व 'रघुकुल मुकुटमणी' के नाम से पुकारा है?
(1) महिपाल प्रथम (2) महेन्द्रपाल प्रथम
(3) महेन्द्रपाल द्वितीय (4) विजयपाल

20. मिहिरभोज ने निम्न में से कौनसी उपाधि धारण की थी?
(1) आदिवराह (2) रणहस्तिन
(3) परमेश्वर (4) परमभट्टारक

21. किसने अपने ग्रंथ विद्धशाल भंजिका में गुर्जर प्रतिहार नरेश महेन्द्रपाल प्रथम को 'रघुकुल तिलक' कहा है?
(1) विद्याधर (2) राजशेखर
(3) पंडित नरहरि (4) चन्द्रदेव

22. निम्नलिखित में कौनसी पुस्तक गुर्जर–प्रतिहार वंश के मिहिरभोज द्वारा रचित नहीं है?
(1) धर्म संग्रह (2) श्रृंगार प्रकाश
(3) कृत्य कल्पतरू (4) राजमृगांक

23. कन्नौज पर अधिकार हेतु चले त्रिपक्षीय युद्ध में राजपूताना के किस वंश के शासकों ने भाग लिया?
(1) गुर्जर प्रतिहार (2) चौहान
(3) परमार (4) गुहिल

24. गुर्जर–प्रतिहार शासक मिहिरभोज के बारे में कौनसा कथन असत्य है–
(1) यह प्रतिहारों का सबसे शक्तिशाली शासक था।
(2) यह अपने पिता रामभद्र की हत्या कर शासक बना।
(3) ग्वालियर अभिलेख में इसकी उपाधि आदिवराह का वर्णन मिलता है।
(4) इसे भोज द्वितीय उपनाम से भी जाना जाता है।

25. किस इतिहासकार के अनुसार प्रतिहार अपने आप को लक्ष्मण का वंशज मानते हैं?
(1) गौरीशंकर ओझा (2) डॉ. आर.सी. मजूमदार
(3) डॉ. भण्डारकर (4) कनिंघम

26. किस प्रतिहार शासक ने 837 ई. में मण्डोर में विष्णु मन्दिर की प्रशस्ति जिसमें मण्डोर के प्रतिहारों की नामावली दी गई है?
(1) कक्कुक (2) नागभट्ट द्वितीय
(3) बाउक (4) नागभट्ट प्रथम

27. भड़ौच के प्रतिहार शासकों में अन्तिम शासक कौन था?
(1) दद्द प्रथम (2) ध्रुवसेन द्वितीय
(3) दद्द द्वितीय (4) जयभट्ट चतुर्थ

28. 750–1000 ईस्वी के दौरान राजस्थान और अधिकांश उत्तरी भारत पर निम्नलिखित में से किसने शासन किया था?
(1) प्रतिहार वंश (2) चौहान वंश
(3) मराठा राजवंश (4) मुगल शासक

29. प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल प्रथम किसका उतराधिकारी था?
(1) मिहिरभोज का (2) देवराज का
(3) वत्सराज का (4) नागभट्ट का

30. नागभट्ट द्वितीय ने किस शासक को परास्त कर कन्नौज पर अपना आधिपत्य स्थापित किया था?
(1) धर्मपाल (2) इन्द्रायुध
(3) देवपाल (4) चक्रायुध

31. कन्नौज पर अधिकार को लेकर हुए त्रिदलीय संघर्ष में कौनसा राजवंश शामिल नहीं था?
(1) पाल वंश (2) राष्ट्रकूट वंश
(3) गुर्जर प्रतिहार वंश (4) चंदेल वंश

32. प्रतिहार शासक वत्सराज किसका पुत्र था?
(1) देवराज (2) कक्कुक
(3) रामभद्र (4) भिल्लादित्य

33. निम्न में से शासक व उनकी उपाधि/उपनाम का असंगत युग्म है?
(1) मिहिर भोज – भोज प्रथम
(2) नागभट्ट प्रथम – आदिवराह
(3) महिपाल प्रथम – हेरम्भपाल
(4) महेन्द्रपाल प्रथम – निर्भय नरेश

34. वह प्रतिहार शासक जिसने सबसे पहले भीनमाल को चावड़ों से जीता तथा भीनमाल को अपनी राजधानी बनाया, फिर इसने आबू, जालौर आदि को विजित किया तथा उज्जैन को अपनी राजधानी बनाया?
(1) देवराज (2) शीलूक
(3) नागभट्ट प्रथम (4) बाउक

35. सूची I से सूची II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये–

| सूची I (शासक) | सूची II (राजवंश) |
|---|---|
| (A) विग्रहराज | (i) गहड़वाल |
| (B) हरिश्चन्द्र | (ii) गुहिल |
| (C) बप्पा रावल | (iii) प्रतिहार |
| (D) जयचंद | (iv) चौहान |

(1) A-ii B-iii C-i D-iv
(2) A-iii B-i C-iv D-ii
(3) A-i B-ii C-iii D-iv
(4) A-iv B-iii C-ii D-i

36. किस विदेशी यात्री ने गुर्जर प्रतिहार राजवंश की सैन्य शक्ति एवं समृद्धि का उल्लेख किया है?
(1) सुलेमान (2) कनिघंम
(3) जॉर्ज कनैडी (4) अल मसूदी

37. वत्सराज के समय किस विद्वान ने 'हरिवंश पुराण' नामक ग्रन्थ की रचना की?
(1) पंडित नरहरि (2) राजशेखर
(3) जिनसेन सूरी (4) उद्योतन सूरी

38. प्रतिहारों के किस प्रारम्भिक शासक ने अपने 4 पुत्रों के साथ मिलकर मांडव्यपुर को जीता और उसके चारों ओर प्राचीर का निर्माण करवाया?
(1) भिल्लादित्य (2) हरिश्चन्द्र
(3) शीलूक (4) रज्जिल

39. सूची I से सूची II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये–

| सूची I (शासक) | सूची II (राजवंश) |
|---|---|
| (A) धारावर्ष | (i) गुर्जर प्रतिहार |
| (B) अल्लट | (ii) चौहान |
| (C) सोमेश्वर | (iii) गुहिल |
| (D) मिहिरभोज | (iv) परमार |

(1) A-ii B-iii C-i D-iv (2) A-iii B-i C-iv D-ii
(3) A-i B-ii C-iii D-iv (4) A-iv B-iii C-ii D-i

40. त्रिदलीय संघर्ष के दौरान कन्नौज पर सर्वप्रथम अधिकार करने वाला प्रतिहार शासक था?
(1) मिहिरभोज (2) वत्सराज
(3) महेन्द्रपाल प्रथम (4) नागभट्ट द्वितीय